**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 09.11.23**

**साइबर सेल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा इन्स्टाग्राम पर सस्ते दामों पर आई फोन आदि मोबाइल के विज्ञापन दिखाकर साइबर ठगी करने वाले 05 अभियुक्तगण गिरफ्तार।**

**घटना का विवरणः-**

दिनांक 09.11.2023 को साइबर सेल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा इन्स्टाग्राम पर सस्ते दामों पर आई फोन के विज्ञापन दिखाकर साइबर ठगी करने वाले 05 शातिर अभियुक्तगण को आश्रम रोड स्थित जूस की दुकान के पास थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से ठगी में प्रयुक्त किये जाने वाले 05 मोबाइल फोन मय सिम, 1250/- नगद बरामद।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ मे अभियुक्त मोहित ने बताया गया कि Instagram पर trustme नाम से फर्जी खाता बनाकर आई फोन आदि मोबाइल की फोटो व फर्जी बिल अपलोड कर अपने कुछ साथियो के साथ मिलकर सस्ते दामों पर आई फोन व अन्य मोबाइल फोन बेचने के नाम पर ठगी करते है। अभियुक्तगण तरुण, दिव्यांश, तेजस सोनी एवं मोनू जनता के लोगो को व्हाट्सअप पर फर्जी बिल एवं क्यूआर कोड भेजकर पेमेन्ट करा लेते थे, उसके बाद ये लोग पीड़ित के नम्बर को ब्लैकलिस्ट कर देते थे। इन लोगों द्वारा अभी तक हजारों लोगो के साथ ठगी की जा चुकी हैं। यह काम ये लोग पिछले 2-3 वर्षों से कर रहे है। अभियुक्तगणों के बैंक खातो व Instagram आईडी की जानकारी की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

1. मोहित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी सिद्धार्थनगर, दिल्ली।
2. तरूण पुत्र सुखवीर निवासी तारा थाना धर्मपानी, काठमाण्डू, नेपाल हाल पता-ई-688 नन्दग्राम गाजियाबाद।
3. दिव्यांश पुत्र सुरेश कुमार शर्मा निवासी जटनंगला, जनपद बिजनौर हाल निवासी नन्दग्राम गाजियाबाद।
4. तेजस सोनी पुत्र नरेश वर्मा निवासी-म0नं0-39, सरस्वती विहार थाना नन्दग्राम, गाजियाबाद।
5. मोनू पुत्र मुनेश सिंह निवासी बी-537 गली नं0-01, नन्दग्राम, गाजियाबाद।

**अभियुक्त गणों से बरामदगी का विवरणः-**

05 मोबाइल फोन मय सिम, 1250 रुपये नगद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

साइबर सेल व थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

## थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा 02 वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 चाकू बरामद ।

दिनांक 06/11/23 की रात्रि में समय 23.00 बजे 24.00 बजे के मध्य दिल्ली के रहने वाले टोनी गैंग एवं पिंकी गैंग के मध्य दिल्ली में झगडा व फायरिंग हुई झगडा व फायरिंग करते हुए यह गैंग यूपी में घुस गये यूपी के अन्दर बंगाली कालोनी थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद गार्डन ट्रांस हिण्डन कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी इन दोनों गैंगों के मध्य झगडा व फायरिंग होने के सबंध में थाना शालीमार गाड़न पर वादी उ0नि0 श्री मंगल सिंह की बयान जुबानी के आधार पर थाना शालीमार गार्डन पर सुसंगत धारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें वांछित अभियुक्त 1. दीपक पुत्र विजय निवासी टोनी के मकान में किराये पर न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 25 वर्ष 2. शहवाज पुत्र मुन्ना निवासी ई-347 न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 22 वर्ष को मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 09.11.2203 को तिकोना पार्क बंगाली कालोनी शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 चाकू बारमद । अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

1. दीपक पुत्र विजय निवासी टोनी के मकान में किराये पर न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 25 वर्ष
2. शहवाज पुत्र मुन्ना निवासी ई-347 न्यू सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली उम्र 22 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

घटना में प्रयुक्त 02 चाकू ।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम

## थाना साहिबाबाद पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 06 किलो 995 ग्राम अवैध डोडा बरामद ।

दिनांक 09.11.2023 को थाना साहिबाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार एक अभियुक्त अली मोहम्मद अंसारी पुत्र अलाउदीन अंसारी निवासी ग्राम गढगांव पोस्ट अम्बाबार थाना पिपरा टांडा केलवा पलायू झारखण्ड को अराधना सिनैमा के सामने सीमा बॉर्डर साहिबाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 06 किलो 995 ग्राम अवैध डोडा बरामद । अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

अली मोहम्मद अंसारी पुत्र अलाउदीन अंसारी नि0 ग्राम गढगांव पोस्ट अम्बाबार थाना पिपरा टांडा केलवा पलायू झारखण्ड ।

**बरामदगी का विवरण**

- 06 किलो 995 ग्राम अवैध डोडा

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम

**थाना लोनी पुलिस द्वारा एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाले गैंग के 03 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद।**

दिनांक 09.11.2023 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाले गैंग के 03 शातिर चोर 1.दीपक कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी न्यू विकास नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद, 2.गजेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र अमरपाल प्रजापति निवासी न्यू आदेश नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद, 3. शमीम पुत्र सलीम निवासी न्यू विकास नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से वाहन चोरी करते है। चोरी किये गये वाहनों को हम सस्ते दामो मे बेचकर पैसा कमाते है। ये मोटर साइकिल व स्कूटी हमने एनसीआर क्षेत्र से ही चोरी की थी जिन्हे आज हम लोग बेचने के लिए निकले थे। पुलिस से बचने के लिए हमने वाहनों की नम्बर प्लेट हटा दी थी।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

1.दीपक कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी न्यू विकास नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष,

2. गजेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र अमरपाल प्रजापति निवासी न्यू आदेश नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष, ,

3.शमीम पुत्र सलीम निवासी न्यू विकास नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष,

**आपराधिक इतिहास –**

अभियुक्तों के विरुद्ध थाना लोनी पर चोरी /वाहन चोरी के 03 अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरणः-**

चोरी की 02 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना लोनी पुलिस टीम।

**थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा अवैध रुप से पटाखों की बिक्री करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध पटाखे बरामद**

दिनांक 08.11.2023 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से पटाखो की बिक्री करने वाले 04 अभियुक्तगण 1.देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री रघुनाथ सहाय निवासी आर्दश नगर निकट कन्या इण्टर कॉलेज थाना मोदीनगर गाजियाबाद, 2.नवीन गुप्ता पुत्र स्व0 ब्रज कुमार गुप्ता निवासी आर्दश नगर निकट कन्या इण्टर कॉलेज थाना मोदीनगर गाजियाबाद, 3.मोहन पुत्र लख्मीचन्द निवासी विजयनगर गली न0 2 गोविन्दपुरी थाना मोदी नगर, गाजियाबाद 4.आशू पुत्र स्व0 विनय मित्तल निवासी सी-399 देवेन्द्रपुरी थाना मोदी नगर, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से बिक्री हेतु इकठ्ठा किये गये 18 प्लास्टिक के कट्टों में भरे हुए अवैध मिश्रित पटाखे बरामद हुए। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उन्होने ये पटाखे दीपावली त्यौहार पर बिक्री हेतु इकट्ठे किये गये थे जिनका उनके पास कोई वैध लाईसेंस नही है। अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता** –

1.देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री रघुनाथ सहाय निवासी आर्दश नगर निकट कन्या इण्टर कालेज थाना मोदीनगर गाजियाबाद उम्र करीब 55 वर्ष

2.नवीन गुप्ता पुत्र स्व0 ब्रज कुमार गुप्ता निवासी आर्दश नगर निकट कन्या इण्टर कालेज थाना मोदीनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 58 वर्ष

3.मोहन पुत्र लख्मीचन्द निवासी विजयनगर गली न0 2 गोविन्दपुरी थाना मोदी नगर, गाजियाबाद उम्र करीब 35 वर्ष,

4.आशू पुत्र स्व0 विनय मित्तल निवासी सी-399 देवेन्द्रपुरी थाना मोदी नगर, गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष,

**बरामदगी का विवरण** –

18 प्लास्टिक के कट्टों में भरे हुए अवैध मिश्रित पटाखे,

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मोदीनगर पुलिस टीम।